## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 09.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग की 39 अरब से अधिक की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित, सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला विधायकों को किया सम्मानित, राज्य के विकास में नारी शक्ति की भागीदारी को बताया अनिवार्य।
3. उपायुक्त के निर्देश पर रांची के बैंक्वेट हॉलों में एसडीओ ने की छापेमारी, रात 10 बजे के बाद डीजे और तेज संगीत बजाने पर प्रशासन ने लगायी सख्त पाबंदी।
4. रांची, रामगढ़, गिरिडीह, धनबाद और देवघर समेत सात जिलों में अगले कुछ घंटों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी, लोगों को सतर्क रहने की सलाह।

और

5. अस्मिता वूमेन रोड साइक्लिंग लीग में राज्य ने जीते 2 स्वर्ण और 3 रजत पदक, 16 अंकों के साथ बना उपविजेता, पेंचक सिलाट लीग में भी राज्य को मिले पांच पदक।

*****************

होली की लंबी छुट्टी के बाद शुरू हुए विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज नगर विकास एवं आवास विभाग की 39 अरब 21 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित कर दी गई। चर्चा के दौरान भाजपा विधायक नीरा यादव ने निकायों में चुनाव न होने और शहरों की स्थिति पर सवाल उठाए।

जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार ने बताया कि सरकार शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल और आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

*****************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिला विधायकों से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी महिला सदस्यों को सम्मानित करते हुए उन्हें महिला दिवस की बधाई दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है और सरकार उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

*****************

इधर, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रांची रेल मंडल ने आज हटिया में सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। डीआरएम करुणा निधि सिंह ने बताया कि रेलवे के हर विभाग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है और मंडल में 11 प्रतिशत महिला कर्मी कार्यरत हैं। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली रेल कर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मेरी सहेली के जरिए महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

*****************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे आज धनबाद में महिला सशक्तीकरण का संदेश देती भव्य स्कूटी रैली निकाली गई। उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने समाहरणालय से इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान और उनकी भागीदारी के प्रति जागरूकता फैलाना है।

*****************

चतरा के उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड की मीणा कुमारी जिले की पहली महिला ऑटो चालक बनकर मिसाल पेश कर रही हैं। नवादा गांव की रहने वाली मीणा ने प्रशिक्षण के बाद अब बैटरी चालित ऑटो चलाकर अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाली है। शुरुआत में चुनौतियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। आज स्थानीय लड़कियां उनके ऑटो में सफर करना सुरक्षित महसूस करती हैं।

*****************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर सिमलिया क्षेत्र के बैंक्वेट हॉलों की जांच की गई। सदर एसडीओ कुमार रजत के नेतृत्व में गई टीम ने संचालकों को रात 10 बजे के बाद डीजे और तेज संगीत न बजाने की सख्त हिदायत दी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

*****************

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत युवा संगम के छठे चरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल लॉन्च किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 18 से 30 वर्ष के युवाओं को विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपरा और प्रगति से रूबरू कराना है। इच्छुक युवा आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। चयनित प्रतिभागियों को देश के 22 नोडल संस्थानों के माध्यम से पांच से सात दिवसीय शैक्षणिक और सांस्कृतिक भ्रमण का अवसर मिलेगा।

*****************

राज्य मंत्रिपरिषद की अगली बैठक आगामी 12 मार्च को शाम 5 बजे रांची के प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के अनुसार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों और जनहित की योजनाओं को मंजूरी मिल सकती है।

*****************

हजारीबाग में रामनवमी और मंगल जुलूस को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में आज शहर के विभिन्न चौक—चौराहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। एसपी ने लोगों से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की और चेतावनी दी कि कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*****************

गढ़वा में आज से जल महोत्सव पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ हुआ। उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र ने इसका उद्घाटन करते हुए जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को सराहा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 जलसहिया दीदियों और उड़सूगी की मुखिया को सम्मानित किया गया। आगामी 22 मार्च तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान जिले भर में रैलियों और जनसंवाद के जरिए जल प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी।

*****************

रांची समेत राज्य के सात जिलों में अगले दो से तीन घंटों के भीतर मौसम में बड़े बदलाव के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार, उत्तर—पूर्वी और मध्य भागों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। खराब मौसम को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों या बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

*****************

बिहार के पटना में आयोजित अस्मिता वूमेन रोड साइक्लिंग लीग में झारखंड की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते हैं। लक्ष्मी कुमारी और पिंकी कुमारी ने स्वर्ण जीतकर राज्य का मान बढ़ाया, जिससे झारखंड की टीम 16 अंकों के साथ उपविजेता बनी। वहीं, ओडिशा में आयोजित पेंचक सिलाट लीग में भी राज्य को पांच पदक मिले हैं। खेलो इंडिया के तहत इन विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

******************

झारखंड नेटबॉल संघ आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए 15 मार्च को रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में राज्य स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित करेगा। इसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। जामताड़ा जिला नेटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष साहेब मंडल ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 13 मार्च तक अपना विवरण भेजकर पंजीकरण करा सकते हैं। सफल खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

********समाप्त*********